जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 /10818/ 2026 दिनांकः 26 नवम्बर, 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः Digishakti Portal पर नामांकित प्रत्येक छात्र / छात्राओं का महाविद्यालयों में कैंप लगा कर E-KYC की प्रक्रिया पूर्ण कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक **विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10790 / 2026 दिनांकः 18 नवम्बर, 2026** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से डिजीशक्ति पोर्टल पर टैबलेट / स्मार्टफोन वितरण की डुप्लीकेसी को रोकने हेतु छात्र / छात्राओं के आधार प्रमाणीकरण (**E-KYC**) कराये जाने हेतु **परास्नातक के लिए 25 सितम्बर, 2026 तथा स्नातक के लिये 30 सितम्बर, 2026 तक** समय निधारित किया गया था, किंन्तु महाविद्यालय स्तर से **कुल 39689** छात्र / छात्राओं के **E-KYC** की प्रक्रिया अभी भी अपूर्ण है।

तत्क्रम में महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों का आधार प्रमाणीकरण (E-KYC) की प्रक्रिया अनिवार्यरूपेण सम्पादित करने हेतु अंतिम तिथि को विस्तारित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

क्र0सं0	पाठ्यक्रम	पूर्व निर्धारित E-KYC पूर्ण करने की अंतिम तिथि	E-KYC पूर्ण करने की विस्तारित तिथि
01	स्नातक	30 नवम्बर, 2026	**31 दिसम्बर, 2026**
02	परास्नातक	25 नवम्बर, 2026	

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को सुचित किया जाता है कि उक्त के क्रम में यदि निर्धारित तिथि तक विद्यार्थी का आधार प्रमाणीकरण (E-KYC) नहीं हो पाता है, तो वह शासन द्वारा लागू की गयी स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना से वंचित हो जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

(डॉ0 छबिलाल)
नोडल अधिकारी, डिजीशक्ति पोर्टल

(एस0 एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. माननीय कुलपति जी।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधकारी, आजमगढ़।
03. मुख्य राजस्व अधिकारी, बलिया।
04. डॉ0 राजेश्वर कुमार, उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी, बलिया।
05. DIOS, NIC, बलिया।
06. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
07. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीदस्मारक, निकटसुरहाताल, जिला–बलिया (उ0प्र0) पिनकोडः–277001
Address:-Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com